संपर्क के लिए किसी सेवा या हेल्पलाइन–लीफ्लेट को रेफर करें – बस्तर, छत्तीसगढ़

कब रेफर करें:

- जब पोषण सखी/ मितानिन द्वारा दिये गए सहयोग के बाद भी कोई माँ बेहतर महसूस नहीं कर रही है
- जब उसकी समस्या गंभीर हो
- जब अपने या अपने बच्चे को नुकसान पहुँचाने का बहुत अधिक जोखिम हो
- जब घरेलू हिंसा हो रही हो जिसका माँ के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा हो

रेफर करते समय क्या बताया जाए:

बताएं कि जिसे बुखार आ रहा हो उसे क्यों डॉक्टर को दिखाना चाहिए। उसी तरह, जिस व्यक्ति के अंदर भावनात्मक या मानसिक समस्या है उसे ठीक होने के लिए क्यों मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए। सभी लोगों को दवाइयों की जरूरत नहीं होती। यह फैसला अक्सर समस्या की गंभीरता और माँ और परिवार के निर्णय से लिया जाता है।

गंभीर समस्याओं के मामले में जहाँ महिला खुद को या अपने बच्चे को नुकसान पहुँचा सकती है, वहाँ तत्कालिक रेफरल किया जाना चाहिए।

आपातकालीन/गंभीर मामलों में जहां आमने–सामने बैठ कर सलाह लेने की जरूरत है

पीएचसी डॉक्टर/डीएमएचपी/जीएमसी जगदलपुर के लिए रेफर करें

घरेलू हिंसा के मामले में –

वन–स्टॉप सेंटर(OSC) को रेफर करें:

संपर्क संख्या : 07782–223181

(बस्तर सखी वन–स्टॉप सेंटर)